वार्षिक प्रतिवेदन 2020-2021

ANNUAL REPORT 2020-2021

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

Institute for Plasma Research

भाट, इंदिरा पुल के पास, गांधीनगर - 382 428 (भारत)

Bhat, Near Indira Bridge, Gandhinagar 382 428, Gujarat (India)



400 मिमी ओपनिंग के साथ आईपीआर में स्वदेशी रूप से विकसित क्रायो-पंप

Indigenously developed Cryo-Pump at IPR with 400 mm opening

स्वदेशी रूप से आईपीआर में विकसित हैंड-हेल्ड प्लाज़्मा स्टेरलाइज़र

Portable Hand-Held Plasma Sterilizer Indigenously developed at IPR

आवरण चित्र : डायवर्टर कॉयल ऑपरेशन के साथ आदित्य-अपग्रेड प्लाज़्मा डिस्चार्ज - स्ट्राइक पॉइंट दिखाते हुए

Cover Image: Aditya-Upgrade Plasma Discharge with divertor coil operation showing strike point

वार्षिक प्रतिवेदन
2020-2021

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
Institute for Plasma Research
भाट, गांधीनगर-382428

प्रबंध परिषद

1) श्री के.एन. व्यास	अध्यक्ष
2) डॉ. ए.के. मोहंती	सदस्य
3) डॉ. अमित रॉय	सदस्य
4) श्री तपन मिश्रा	सदस्य
5) डॉ. सिराज हसन	सदस्य
6) डॉ. मंजीत सिंह	सदस्य
7) डॉ. एस. चतुर्वेदी	सह-अध्यक्ष
8) श्रीमती सुषमा तायशेटे	सदस्य
9) श्रीमती ऋचा बागला	सदस्य
10) श्रीमती अंजू शर्मा	सदस्य
11) डॉ. पी.के आत्रेय	सदस्य
12) श्री एन. वैष्णव	गैर-सदस्य सचिव

कार्यकारी सारांश

संस्थान ने तीन प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति करना जारी रखा, जो हैं (1) प्लाज़्मा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सामाजिक और औद्योगिक अनुप्रयोग, (2) संलयन अनुसंधान एवं इटर सुपुर्दगियां, (3) प्लाज़्मा विज्ञान में बुनियादी अध्ययन। महामारी के कारण उत्पन्न व्यवधान और आपूर्तिकर्ताओं से सुपुर्दगी में देरी के बावजूद प्रगति की गति निरंतर बनी रही।

आईपीआर ने अपशिष्ट निपटान, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष, रक्षा, उद्योग, वस्त्र एवं कृषि क्षेत्रों को शामिल करते हुए अनुप्रयोगों के साथ स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का विकास करने एवं इन प्रौद्योगिकियों को उत्कृष्ट बनाने का कार्य जारी रखा। इसमें विशेष रूप से शामिल हैं: (a) प्लाज़्मा उपचार द्वारा बैक्टीरिया प्रतिरोधी कैथेटर सतह बनाना; (b) सूक्ष्म जीवों के फैलाव की रोकथाम के लिए पोर्टेबल हैंड-हेल्ड प्लाज़्मा स्टेरलाइज़र और ग्लो डिस्चार्ज आधारित प्लाज़्मा स्टेरलाइज़र का विकास एवं परीक्षण; (c) फेस मास्क और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उपयोग में आनेवाली नैनो एंटी-माइक्रोबियल कोटिंग्स का विकास; (d) स्वास्थ्य देखभाल और कृषि के उपयोग हेतु प्लाज़्मा-एक्टिवेटड वॉटर के उत्पादन के लिए एक प्रणाली का विकास एवं परीक्षण। आईपीआर की उच्च निष्पादन कम्प्यूटिंग सुविधा 'अंत्य', जिसने भारत में शीर्ष सुपर कंप्यूटरों की सूची में 11वां स्थान प्राप्त किया है, के उपयोगकर्ताओं में लगातार वृद्धि देखी गई और इसका उपयोग संस्थान में विकसित विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर एवं व्यावसायिक सॉफ्टवेयर के लिए किया जाता है, जिसमें एमएचडी, पीआईसी, आणविक गतिशीलता के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित अनुप्रयोग शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाला एक उपकरण भीड-भाड वाले वातावरण में ली गई सीसीटीवी इमेज में भी इंसानों की पहचान करता है। प्लाज़्मा एंटिना के साथ-साथ स्टीयरेबल एंटिना सरणियों को विकसित किया गया है। समाज से संबंधित प्रौद्योगिकियों को तेजी से प्रसारित करने की दिशा में पऊवि की प्रेरणा से आईपीआर में एक टेक्नॉलोजी इंक्यूबेशन सेंटर का उद्‌घाटन किया गया। कोविड -19 के कारण लगाए गए प्रतिबंधों के होते हुए भी, बड़ी संख्या में स्कूलों और कॉलेजों को शामिल करते हुए, एक सक्रिय आउटरीच कार्यक्रम ऑनलाइन जारी रखा गया।

आदित्य-अपग्रेड और एसएसटी-1 के संचालन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आदित्य-अपग्रेड ने 212 kA (डिज़ाइन मूल्य का 85%) का पीक करंट और साथ ही 200 kA स्तर पर दोहराए जाने योग्य डिस्चार्ज, 400 ms की अधिकतम शॉट अवधि (डिज़ाइन मूल्य से 30% अधिक) और 1.5 टेस्ला के पूर्ण डिज़ाइन मूल्य पर टोरॉयडल इलेक्ट्रोमैग्नेट्स का प्रचालन हासिल किया। पहली बार ड्यूटेरियम प्लाज़्मा आदित्य-अपग्रेड में सृजित किए गए हैं। पहली बार PF3 के ऊपरी और निचले कॉइल जोड़े को 7 सेकंड की फ्लैट टॉप अवधि के लिए 600 A/टर्न के साथ एसएसटी-1 में उल्लेखनीय प्रगति की गई है। एसएसटी-1 के सुपरकंडक्टिंग कॉइल्स में करंट प्रवेश करने की आवश्यकताओं के चुनौतीपूर्ण कार्य (इलेक्ट्रिकल, क्रायोजेनिक, वैक्यूम, मैकेनिकल और गैस-ब्रेकडाउन) को पूरा करने के लिए एक स्वदेशी वैक्यूम अवरोध का विकास और परीक्षण किया गया है। स्वदेशी रूप से विकसित 1 mm इलेक्ट्रो-डिपॉजिटेड तांबे की परत वाले घटकों के लिए - उच्च तापमान पर उच्च दबाव परीक्षण (25 bar) सफलतापूर्वक पूरे किये गये है। यह न्यूट्रल बीम प्रणाली में समान घटकों और टोकामॅकों में प्लाज़्मा फेसिंग घटकों के लिए उपयोगी होगा। एक पॉजिटिव आयन स्रोत-आधारित एसएसटी -1 न्यूट्रल बीम परीक्षण स्टैंड पर 3 सेकंड के लिए एक 27 keV, 14 A H+ आयन बीम प्राप्त किया गया। स्वदेशी रूप से विकसित क्रायोपंप और एक परिष्कृत फाइबर-ऑप्टिक आधारित इमेजिंग सिस्टम की अन्य भारतीय कार्यक्रमों के लिए आपूर्ति की गई। ट्रिशियम हैंडलिंग के लिए प्रौद्योगिकी विकास के भाग के रूप में, एक उच्च तापमान प्रतिक्रियाशील मैग्नेट्रोन स्पटर कोटिंग प्रक्रिया का उपयोग करके एरबिया (Er_2O_3) की कोटिंग स्टेनलेस स्टील पर बनाई गई है। कोटिंग से स्टेनलेस स्टील में हाइड्रोजन पारगमन दर में 100 गुना कमी पायी गयी है।

जैसे-जैसे निर्माण कार्य आगे बढ़ा, इटर-भारत ने वस्तुरूप में अपनी प्रतिबद्धताओं की सुपूर्दगी को जारी रखा। 9 में से 4 पैकेजों की लगभग 100% सुपूर्दगी पूरी हो चुकी है और इन्हे काफी संख्या में इटर साइट पर सफलतापूर्वक

स्थापित किया गया है। प्रमुख उपलब्धियों में क्रायोस्टेट तथा इन-वॉल न्यूट्रॉन शील्डिंग ब्लॉकों का निर्माण पूरा करना शामिल है। शीतलन जल प्रणालियों से संबंधित घटकों की 99% डिलीवरी के साथ क्रायोस्टेट टॉप लीड भाग का अंतिम जत्था इटर को भेज दिया गया था। इटर फ्रांस में टोकामॅक पिट में पहले प्रमुख घटक के रूप में क्रायोस्टेट बेस सेक्शन को स्थापित करने के साथ मशीन संयोजन शुरू हुआ। करीब पांच किलोमीटर क्रायोलाइन और ''वार्म लाइन्स'' और ग्रुप वाई क्रायोलाइन के कुल 16 सर्किट और वार्मलाइन के 48 सर्किट का इटर के क्रायोप्लांट क्षेत्र में सफलतापूर्वक दबाव परीक्षण किया गया है। इटर संगठन द्वारा दिए गए तकनीकी विनिर्देशों के अनुपालन में, अच्छी गुणवत्ता के साथ दबाव परीक्षण क्रियान्वित किए गए हैं और अब क्रायो-द्रवीकरण संयंत्रों के साथ संचालन के लिए तैयार हैं।

बुनियादी प्लाज़्मा विज्ञान में कुछ प्रमुख विकास इस प्रकार हैं: (a) भारत में एक बड़े प्रयोगशाला उपकरण में पहली बार व्हिसलर मोड का ऊर्जन और अध्ययन, (b) इलेक्ट्रॉन ऊर्जा वितरण फलन पर नियंत्रण में उन्नति, (c) विश्व-रिकॉर्ड स्तर तक शुद्ध इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा की पल्स-लंबाई में वृद्धि, (d) एक मल्टी-कस्प डिवाइस में लगभग विक्षोभ मुक्त प्लाज़्मा का निर्माण, (e) डस्टी-प्लाज़्मा मोनोलेयर क्रिस्टल का प्रयोगात्मक प्रदर्शन और फर्स्ट ऑर्डर फेस ट्रांजिशन, और (f) हेलिकॉन तरंगों का उपयोग करके नेगेटिव आयनों के सृजन पर अभिनव प्रयोग; (g) पहली बार मजबूती से युग्मित प्लाज़्मा के लिए आण्विक गतिशीलता अनुकरण की असंपीड्य से संपीड़ित द्रव में ट्रांज़िशन की पहचान की गई।

निदेशक,
आईपीआर

वार्षिक प्रतिवेदन

अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक

वर्ष 1986 से यह संस्थान प्लाज़्मा भौतिकी अनुसंधान में द्रुत गति से बढ़ रही सुविधाओं, प्रशिक्षित मानव संसाधन एवं कई फलित राष्ट्रीय - अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों के साथ प्रगति कर रहा है। एक छोटे टोकामॅक प्रयोग एवं मौलिक प्लाज़्मा प्रयोग से प्रारंभ करके यह संस्थान नियंत्रित तापनाभिकीय संलयन के लिए आवश्यक सभी उपयुक्त वैज्ञानिक तथा तकनीकी आवश्यकताओं में विशेषज्ञता प्राप्त कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय तापनाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर(इटर) परियोजना में देश की प्रतिभागिता के माध्यम से विकसित प्रौद्योगिकियों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा इस प्रकार विकसित प्रौद्योगिकियाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं और कई अन्य सामाजिक समस्याओं के लिए उपयोग में लायी जा रही है, जिससे देश लाभान्वित हो रहा है। 1 पेटाफ्लॉप (1 पीएफ) के साथ हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी) को संस्थापित करने से कंप्यूटिंग सुविधाओं में अत्यधिक वृद्धि हुई है।

अध्याय

A. वैज्ञानिक तथा तकनीकी कार्यक्रमों का सारांश 01

B. इटर-भारत की गतिविधियाँ 39

C. शैक्षिक कार्यक्रम..48

D. तकनीकी सेवाएँ 48

E. प्रकाशन एवं प्रस्तुति 50

F. अन्य गतिविधियाँ 87

अध्याय A

वैज्ञानिक तथा तकनीकी कार्यक्रमों का सारांश

A.1 प्लाज़्मा आधारित प्रौद्योगिकियाँ एवं उपयोग..........02
A.2 मूलभूत प्लाज़्मा भौतिकी 07
A.3 टोकामॅक प्लाज़्मा प्रयोग 15
A.4 संलयन एवं संबंधित प्रौद्योगिकियाँ 21
A.5 सैद्धांतिक, मॉडलिंग एवं
कम्प्युटेशनल प्लाज़्मा भौतिकी 28

A.1 प्लाज़्मा आधारित प्रौद्योगिकियाँ एवं उपयोग

आईपीआर, विभिन्न सामाजिक उपयोगों जैसे अपशिष्ट प्रबंधन, चिकित्सा/स्वास्थ्य, कृषि, कपड़ा, औद्योगिक, अंतरिक्ष और रक्षा हेतु प्लाज़्मा प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए दीर्घकालिक, केन्द्रित कार्यक्रम पर कार्य कर रहा है। ये समय-बद्ध परियोजनाएं हैं, जिनमें उद्योग सहित विभिन्न लक्ष्य-उपयोगकर्ता के साथ सहभागिता सहित निश्चित सुपुर्दगियाँ शामिल है।

A.1.1 प्लाज़्मा सतह इंजीनियरिंग के उपयोग 02
A.1.2 वायुमण्डलीय प्लाज़्मा के उपयोग 03
A.1.3. अन्य तकनीकियाँ 04
A.1.4. बाहरी परियोजनाएँ 06

A.1.1 प्लाज़्मा सतह इंजीनियरिंग के उपयोग

प्लाज़्मा उपचार द्वारा सिलिकॉन कैथेटर सतह पर एंटी-फाउलिंग (गन्दगी-विरोधी) गुणधर्म: कैथेटर से संबंधि संक्रमण (CRI), अस्पताल में होनेवाले संक्रमणों (HAI) में सबसे आम हैं, जो रोगाणुओं के उपनिवेशण के कारण होता है जिसे बायोफिल्मम के रूप में जाना जाता है। इससे रोगियों की संख्या और मृत्यु दर बढ़ सकती है। दुनिया भर के शोधकर्ता इन समस्याओं के समाधान हेतु भौतिक विज्ञान और सतह इंजीनियरिंग पर आधारित आशाजनक रणनीतियों के विकास पर काम कर रहे हैं। एंटी-फाउलिंग दृष्टिकोण पर आधारित आईपीआर में किये गये अध्ययन जिसमें सतह के गुणों में संशोधन शामिल है जैसे कि बैक्टीरियल कोशिकाएं चिपकने और अधिक विकसित होने में सक्षम नहीं होती हैं। प्रारंभिक परिणामों से पता चलता है कि प्लाज़्मा-उपचारित कैथेटर सतह ने सर्फेस कैमिस्ट्री और मॉर्फोलोजी को काफी बदल दिया है। सूक्ष्मजीव-विज्ञानी परीक्षण के परिणामों ने उपचार रहित सतह की तुलना में प्लाज़्मा उपचारित सिलिकॉन कैथेटर की सतह पर काफी कम (~90%) बैक्टीरियल आसंजन देखा गया है।

नैनो रोगाणुरोधी (एंटी-माइक्रोबियल) कोटिंग्स: कपड़ों और धागों पर नैनो-सिल्वर कोटिंग, जो रोगाणुरोधी गुण प्रदान करती हैं सामान्यत: महंगी होती हैं। प्लाज़्मा-आधारित नैनो-कॉपर ऑक्साइड (CuO) कोटिंग भी एंटी-माइक्रोबियल गुण प्रदान कर सकती है। मैग्नेट्रॉन नामक एक उपकरण का उपयोग करके, पॉलीप्रोपाइलीन फैब्रिक पर CuO की 100 nm की मोटी परतें बनाई गई हैं। वर्तमान में इस कोटिंग की इसके रोगाणुरोधी गुणों के लिए जांच की जा रही है। इस तरह के कोटिंग्स फेस मास्क, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण आदि बनाने के लिए उपयोगी हो सकते हैं।



चित्र A.1.1 चित्र (a, b और c) SEM (स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी) विभिन्न आवर्धन पर बिना उपचारित सिलिकॉन कैथेटर सतह की छवियां हैं, जिसमें माइक्रोबियल कॉलोनियों को देखा जा सकता है। चित्र (d, e, और f) प्लाज़्मा उपचारित सतह की छवियां हैं जिनमें ऐसी कोई कॉलोनियां नहीं पाई गई हैं।



चित्र A.1.2 पॉलीप्रोपाइलीन फैब्रिक पर प्लाज़्मा-आधारित नैनो-कॉपर ऑक्साइड (CuO) कोटिंग

A.1.2 वायुमण्डलीय प्लाज़्मा के उपयोग

पोर्टेबल हैंड हेल्ड प्लाज़्मा स्टेरीलाइज़र (कीटाणुनाशक): आईपीआर द्वारा एक पोर्टेबल हैंड हेल्ड प्लाज़्मा स्टेरीलाइज़र को स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है, जिसमें पावर सप्लाई 230 V 50HZ के साथ मल्टीपल जेट्स (लगभग 100 की संख्या में) वाली एक प्लाज़्मा यूनिट होती है। बैक्टीरिया और वायरस जैसे रोगाणुओं से दूषित हुई सतहों के कीटाणुशोधन के लिए पोर्टेबल स्टेरीलाइज़र विकसित किया गया है। यह उपकरण ऑपरेटिंग गैस के रुप में वायुमंडलीय दबाव पर हवा का उपयोग करता है। इस उपकरण से उत्पन्न प्लाज़्मा में अधिकतम 30°C का तापमान होता है, जिससे यह विशेष रूप से ऊष्मा-संवेदी सामग्रियों को स्टरीलाइज़ करने के लिए उपयोगी होता है। बैक्टीरिया को नष्ट करने के प्रारंभिक परीक्षण के परिणाम (सी. एल्बिकंस, पी. एरुगिनस, और ई. कोली) ने यह उजागर किया कि 180 सेकंड के उपचार ने सभी जीवाणु कोलोनियों को लगभग पूरी तरह मिटा दिया। SARS-COV2 पर भी स्टरीलाइज़र का परीक्षण किया गया था और यह पाया गया कि 300 सेकंड के उपचार के बाद 79% वायरल में कमी आयी। इसके परिणाम आशाजनक हैं और यह संकेत देते हैं कि इस उपकरण का उपयोग अस्पतालों में किया जा सकता है और इसमें उन सतहों को स्टरलाइज़ करने की क्षमता होती है जिन्हें हटाया नहीं जा सकता जैसे बिस्तर के निकट की टेबल, बिस्तर के गद्दे, प्राइवेसी पर्दे, रोगी को उठाने के लिए स्लिंग़, टेबल टोप, रोगी के कमरे में लकडी के फ़र्नीचर, दीवार के पर्दे और चिकित्सा उपकरण। आगे का परीक्षण और विकास कार्य प्रगति पर है।

स्वास्थ्य, कृषि और खाद्य क्षेत्र में प्लाज़्मा एक्टिवेटड वॉटर (पीएडब्ल्यू): बैक्टीरिया, फ़ंगी, वायरस आदि कीटाणुओं को नष्ट करने के लिए रासायनिक मुक्त विकल्प के रूप में प्लाज़्मा एक्टिवेटड वॉटर (पीएडब्ल्यू) का उपयोग किए जाने की काफी संभावनाएं हैं। आईपीआर ने पीएडब्ल्यू का उत्पादन करने के लिए गैर-थर्मल पेंसिल प्लाज़्मा जेट (पीपीजे) का उपयोग करके एक कॉम्पैक्ट, कम लागत वाली सुविधा को विकसित किया है। पानी के साथ पीपीजे की अंत:क्रिया से विभिन्न प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन-नाइट्रोजन प्रजातियों (आरओएनएस) का निर्माण होता है। एक

चित्र A.1.3 (बाए) पोर्टेबल हैंड स्टरलाइजर (उपर) इस पोर्टेबल प्लाज़्मा स्टेरलाइजर का उपयोग करके मास्क का परीक्षण

विस्तृत अध्ययन से पता चलता है कि प्रक्रिया मापदंडों को अनुकूलित करके पीएडब्ल्यू की प्रतिक्रियाशीलता और विद्युत चालकता को नियंत्रित किया जा सकता है। उच्च प्रतिक्रियाशीलता (ओआरपी) से पीएडब्ल्यू, बैक्टीरिया और फंगी के विकास को रोकता है, जबकि कम ओआरपी वैल्यू से पीएडब्ल्यू, बीज के अंकुरण और पौधों की वृद्धि में सुधार करने में मदद करता है। एक 6 लॉग कमी तब होती है जब पीएडब्ल्यू पी. एरुगिनोसा (चित्र A.1.2.2) और एस. ऑरियस के साथ कुछ सेकंड के एक्सपोज़र में अंतर्क्रिया करता है, तो यह जीवाणुनाशक प्रभावकारिता लंबे समय तक बनी रहती है। मॉर्फोलॉजिकल विश्लेषण और फ्लोरोसेंस माइक्रोस्कोपी से पता चलता है कि बैक्टीरिया और फंगी की बाहरी झिल्ली को पीएडब्ल्यू एक्सपोजर नुकसान पहुंचाता है, जिसके कारण कोशिका के भीतर के द्रव्य का रिसाव होता है, जिसके परिणामस्वरूप वे निष्क्रिय हो जाते हैं।

दूध उद्योग के लिए प्लाज़्मा एक्टिवेटेड वाटर (PAW) का प्रयोग: पानी में सामान्यत: कोई प्रतिक्रियाशील मूलक नहीं होते हैं। इसलिए उपयोग किए जाने वाले दूध के कैन को कीटाणु रहित करने के लिए डिटर्जेंट का उपयोग पानी के साथ रेडिकल्स पैदा करने के लिए किया जाता है। बादü में दूध के कैन से अतिरिक्त डिटर्जेंट हटाने के लिए, बहुत सारे पानी का उपयोग करना पड़ता है। प्लाज़्मा एक्टिवेटड वॉटर (PAW) का उत्पादन वायुमंडल में प्लाज़्मा से डिस्टिल्ड पानी को एक्सपोज करके किया जाता है, जिससे NO2 आयन, H2O2, गैसीय O3, NO_3^- आयन, डिजॉल्वड् O3 आदि जैसे रेडिकल का निर्माण होता है। दूध के कैन को कीटाणु रहित करने में PAW की उपयुक्तता को निर्धारित करने के लिए एक अध्ययन किया गया है। कांच, कम घनत्व वाले पॉलीईथीलीन, पॉलीप्रोपाइलीन, स्टेनलेस स्टील और एल्यूमीनियम जैसी विभिन्न सामग्रियों से बने कैन को 10 सेकंड तक एक्सपोज़ करने से 71% रोगाणुओं में कमी पाई गई है। इस पर अधिक विस्तृत अध्ययन किया जा रहा हैं।

नींबू पर पीएडब्ल्यू के कवकनाशी गुणों पर अध्ययन: भंडारण की



चित्र A.1.4 नियंत्रण (a) और पीएडब्लू (b) के साथ उपचार के बाद एरुगिनोसा कोशिकाओं की आकृति विज्ञान

स्थिति के आधार पर, 2-3 महीनों से अधिक ठंडे स्टोरेज में संग्रहीत नींबू, अक्सर कवक निर्मित होने के कारण खराब हो जाते हैं। चूंकि प्लाज़्मा एक्टिवेटड वॉटर (पीएडब्ल्यू) में सक्रिय रैडिकल होते हैं, इसका उपयोग कवकनाशी के रूप में किया जा सकता है। व्यवहार्यताअध्ययनन के लिए, संग्रहित नींबू से कवक को अलग कर लगभग 15 मिनट के लिए PAW के संपर्क में रखा जाता है। इससे कवक में 100% कमी पाई गई है। इस प्रक्रिया का अनुकूलन करने और एक प्रणाली विकसित करने के लिए आगे अध्ययन किया जा रहा हैं जिसका उपयोग उद्योग के लिए किया जा सकता है।

ग्लो डिस्चार्ज आधारित प्लाज़्मा स्टेरलाइज़र: इस तरह की प्रणाली के पूर्व के एक संस्करण का परीक्षण बी.वी. पटेल फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च डेवलपमेंट (PERD) सेंटर, अहमदाबाद में किया गया है और यह विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया के प्रतिकूल काम करता पाया गया है। बीएसएल -3 यंत्र, जो कोविड -19 जैसे खतरनाक वायरस के परीक्षण के लिए आवश्यक है, उसके भीतर उपयोग करने में यह प्रणाली बहुत बड़ी थी। अत: अब एक कॉम्पैक्ट संस्करण विकसित किया गया है और इसे जल्द ही परीक्षण के लिए भेजा जाएगा।

A.1.3 अन्य प्रौद्योगिकियाँ

अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, इसरो को पहले स्वदेशी रूप से विकसित



चित्र A.1.5 कॉम्पैक्ट, ग्लो स्चिार्ज आधारित प्लाज़्मा स्टेरलाइज़र

क्रायोपम्प की सुपुर्दगी: आईपीआर और सैक-इसरो अहमदाबाद ने वर्ष 2017 में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसमें आईपीआर द्वारा सैक को स्वदेशीय विकसित तीन क्रायोपंप सुपुर्द करना शामिल है। 400mm ओपनिंग वाला पहला प्रोटोटाइप क्रायोपम्प, (चित्र A.1.6) जिससे जुड़े हुए क्रायोपैनलों से केन्द्र में सिलिंड्रिकल बाथ द्वारा क्रायो कूलिंग प्रदान की जाती है, को सैक को सुपुर्द किया गया है। यह वायु/ नाइट्रोजन के लिए 5000 लीटर/सेकंड की पम्पिंग गति और 6000mbar-l/सेकंड की पंपिंग क्षमता प्रदान करता है। सीवीपीएस (क्रायोजेनिक निर्वात उत्पन्न करने की प्रणाली) का आईपीआर में परीक्षण किया गया था और अब इसे सैक अहमदाबाद में क्रायो-वैक चैंबर में स्थापित किया गया है और यह विनिर्देशों के अनुसार काम कर रहा है। यह 100% मेड इन भारत प्रोडक्ट है, जिसमें क्रायो-आसंजक, सोरबेंट्स, कोटिंग, पैनल आदि शामिल हैं। आईपीआर में ऐसे पैनलों को बनाने की सुविधा है, साथ ही लक्षण-वर्णन और पंपिंग का निष्पादन मूल्यांकन भी इन-हाउस होता है। जिन गैसों को तरल नाइट्रोजन के साथ पंप किया जा सकता है, उनमें नाइट्रोजन, आर्गन, जल वाष्प और हाइड्रोकार्बन शामिल हैं, जबकि हीलियम, हाइड्रोजन, ज़ेनॉन और अन्य गैसों की पंपिंग तरल हीलियम का उपयोग करके की जा सकती है।

चित्र A.1.6 सीवीपीएस -400 मिमी - तरल नाइट्रोजन आधारित क्रायोपंप ओपनिंग

बीएआरसी के अपशिष्ट प्रबंधन प्रभाग (डब्ल्यूएमडी) के लिए फाइबर-ऑप्टिक आधारित दृश्य प्रणाली का विकास और आपूर्ति: परमाणु प्रतिष्ठानों की अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा में घटकों को रिमोट से संचालित करने और अपशिष्ट स्थिरीकरण आवश्यकताओं के लिए एक दृश्य सुविधा की आवश्यकता होती है। परंपरागत रूप से, इसे एक सीसीडी कैमरा-आधारित दृश्य प्रणाली का उपयोग करके किया जाता है। लेकिन वातावरण अत्यधिक रेडियोधर्मी होने के कारण, प्रत्यक्ष देखने से सीसीडी कैमरे की तेजी से क्षय/क्षति हो जाती है, कभी-कभी 1-2 दिनों के भीतर ही। इसके लिए न केवल सीसीडी कॅमरा को बदलने की आवश्यकता पड़ती है, बल्कि साथ ही रेडियो धार्मिता से युक्त कचरे को रखने का ख़तरा और बार-बार होने वाले काफ़ी खर्चे से नुकसान होता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, आईपीआर ने एक फाइबर ऑप्टिक्स-आधारित इमेजिंग सिस्टम विकसित किया है जिसमें सीसीडी कैमरा शील्ड रूम के पीछे रखा गया है, जिसमें विकिरण प्रतिरोधी ऑप्टिकल फ़ाइबर, कैमरे को ऑप्टिकल सिग्नल देता है। यह टोकामॅक प्लाज़्मा के लिए ऑप्टिकल डायग्नोस्टिक्स के स्वदेशी विकास से एक अतिरिक्त उत्पाद (स्पिनऑफ) है। हाल ही में इस इमेजिंग सिस्टम को डब्ल्यूएमडी, बीएआरसी को सुपुर्द किया गया और सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) पर आधारित इमेज प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर भी आईपीआर में विकसित किया गया था और खींची गई छवियों की स्पष्टता में सुधार के लिए इसे सुपुर्द किया गया है। यह भारत में परमाणु अपशिष्ट प्रबंधन कार्यप्रणाली और तकनीकी जानकारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है।



चित्र A.1.7 डब्ल्यूएमडी, बीएआरसी को आपूर्ति की गई फाइबर ऑप्टिक्स आधारित इमेजिंग सिस्टम में सीसीडी कैमरे की व्यवस्था को दर्शाने वाली सीएडी छवियां

A.1.4 बाहरी परियोजनाएँ

बाहरी परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

A) पूर्ण की गई परियोजनाएँ

क्र. सं	संगठन	विवरण	सुपुर्दगियाँ	स्थिति
01	बीएआरसी-डब्ल्यूएमडी	अपशिष्ट प्रबंधन हेतु ऑप्किल इमेजिंग सिस्टम	एआई आधारित सॉफ्टवेयर के साथ ऑप्टिकल इमेजिंग सिस्टम।	प्रणाली को जनवरी 2021 में स्थापित किया गया
02	नेचुरल स्टोरेज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (एनएसएसपीएल), गुजरात	नींबू की सतह से कवक को हटाने के लिए प्लाज़्मा एक्टिवेटड वॉटर और प्लाज़्मा जेट के उपयोग का व्यवहार्यता अध्ययन	व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट	प्लाज़्मा एक्टिवेटड वॉटर और प्लाज़्मा जेट के साथ प्रयोग किए गए। प्रारंभिक परिणाम आशाजनक पाए गए।
03	सैक, इसरो	तरल नाइट्रोजन से शीतलित क्रायोपंप का विकास और स्थापना	03 नग LN2 शीतलित क्रायोपम्प्स	सभी 3 क्रायोपंप सैक, इसरो परिसर में स्थापित किये गये। पहला प्रोटोटाइप जुलाई 2020 में और बाकी 2 फरवरी 2021 में स्थापित किए गए
04	सीआईपीईटी अहमदाबाद	प्रतिकूल पर्यावरण उपयोग के लिए प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए एक 3 परत वाली जियोमेम्ब्रेन का विकास	वायुमंडलीय दबाव डीबीडी प्लाज़्मा उपचार प्रणाली (01 संख्या)	आईपीआर द्वारा विकसित प्लाज़्मा प्रणाली सीआईपीईटी अहमदाबाद में स्थापित की गई और उपयोग में है।
05	एआरएमआरईबी, डीआरडीओ	विद्त रेलगन का संख्यात्मक सिमुलेशन	सॉफ्टवेयर सिमुलेशन रिपोर्ट	जनवरी 2021 में पूर्ण किया गया।

B) शुरू की गई परियोजनाएं

क्र. सं	संगठन	विवरण	सुपुर्दगियाँ	स्थिति
01	यूनीएक्सेल एजेंसीस प्राईवेट. लिमिटेड	FeAl पाउडर की विशेषता	विशेषता रिपोर्ट	जारी
02	आईजीकार कल्पाक्कम	प्लाज़्मा नाइट्राइडिंग इकाई के लिए स्पंदित डीसी पावर सप्लाई का उन्नयन	आईजीकार कल्पक्कम में स्पंदित डीसी पावर सप्लाई और प्लाज़्मा नाइट्राइडिंग प्रणाली का प्रदर्शन	जारी
03	आईसीएमआअर-एनआईआरटी, चेन्नई	छाती के एक्स-रे का उपयोग करके फेफड़े के टीबी की जांच/पता लगाने के लिए एआई टूल का विकास।	एआई सॉफ्टवेयर टूल छाती के एक्स-रे का उपयोग करके टीबी की जांच और निदान करने में सक्षम है।	जारी
04	भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन	बोरॉन नाइट्राइड नैनोसंरचनाओं का संश्लेषण और लक्षण वर्णन	1. वीएसएससी-इसरो को बोरॉन नाइट्राइड नैनो पाउडर (~500 ग्राम) 2. बोरॉन नाइट्राइड नैनो पाउडर के संश्लेषण और लक्षण वर्णन पर रिपोर्ट	वीएसएससी-इसरो को बोरोन नाइट्राइड नेनो पाउडर (~500 ग्राम)

A.2 मूलभूत प्लाज़्मा भौतिकी

प्लाज़्मा को विभिन्न स्थितियों में निर्मित और उसका लक्षण-वर्णन किया जा रहा है ताकि इसके मूलभूत गुणों का पता लगाया जा सके, जिसका बाद में अनुप्रयोगों के लिए इस्तेमाल किया जा सकें। यहाँ इसका अध्ययन बहुत छोटे पैमाने पर प्रयोगशाला प्रयोगों में करने के साथ, सामान्य रूप से बड़े आकार के विशाल आयतन प्लाज़्मा युक्ति में भी किया जा रहा है।

A.2.1 मूलभूत प्रयोग

विशाल आयतन प्लाज़्मा युक्ति (एलवीपीडी)....07
डबल प्लाज़्मा डिवाइस 07
नॉन न्युट्रल प्लाज़्मा डिवाइस 09
मल्टी-कस्प प्लाज़्मा डिवाइस 09
डस्टी प्लाज़्मा प्रायोगिक उपकरण 10
ऋणात्मक आयन स्रोतों के लिए प्रयोग 11
जड़त्वीय इलेक्ट्रोस्टैटिक परिरोध फ्यूजन (आईईसीएफ) डिवाइस 12
लेज़र ब्लो-ऑफ प्रयोग 12
अन्य प्रयोग 13

A.2.1 मूलभूत प्रयोग

विशाल आयतन प्लाज़्मा युक्ति (एलवीपीडी)

व्हिस्लर द्वारा ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों के घटाव पर नियंत्रित प्रयोग: उच्च ऊर्जा कणों के घटाव में व्हिसलर टर्बुलेंस की भूमिका पर एक समझ विकसित करने के लिए एलवीपीडी में प्रयोग किए जा रहे हैं। एलवीपीडी में, तिरछी व्हिसलर तरंगें एक चुंबकीय दर्पण से परावर्तित इलेक्ट्रॉनों द्वारा उत्पन्न होती हैं और उन्हें रेशे जैसे प्लाज़्मा स्रोत से निकलने वाले ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों के साथ पारस्परिक क्रिया करते हुए देखा गया है। व्हिसलर तरंग विक्षोभ का इलेक्ट्रॉनों की ऊर्जा से संबंधित करने वाले प्रयोग करने के लिए प्रति घन मीटर घनत्व 10^{17} इलेक्ट्रान कणों के प्लाज़्मा का उत्पादन करने वाले बहु-फ़िलामेंटरी प्लाज़्मा स्रोत का उपयोग करके नियंत्रित प्रयोग किए गए। एलवीपीडी प्रयोगों में डिस्चार्ज क्षमता को व्यवस्थित रूप से 50V से 90V किया गया जिससे (इलेक्ट्रॉन की ऊर्जा बढ़ने पर) व्हिसलर मोड आवृत्ति को उच्च से निम्न की ओर जाते और सिकुड़ते हुए देखा गया है। जो ऊर्जावान इलेक्ट्रोनो को कम करता है।

बृहद क्षेत्र उच्च घनत्व प्लाज़्मा स्त्रोत: एलवीपीडी मशीन को एक बृहद क्षेत्र बहु-फ़िलमेंटरी प्लाज़्मा स्रोत [एलएएमपीएस] के साथ अपग्रेड किया जा रहा है जिसको ~ 10^{12}/cc प्लाज़्मा घनत्व और 50 ms की अवधि तक प्लाज़्मा बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। गोलाकार आकार के एलएएमपीएस में (ϕ= 0.5mm मिमी और L = 180 mm) माप के 162 टंगस्टन फिलामेंट्स होंगे । इन फिलामेंट्स को पानी से ठंडा किये गये ईटीपी कॉपर से बनाये कैसेट के साथ उच्च विद्युत प्रवाह क्षमता वाले मोलिब्डेनम करंट फीडथ्रू के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। प्लाज़्मा स्रोत संयोजन द्वारा एलवीपीडी-यू प्रणाली में जोड़ा गया कुल वजन लगभग 400 किलोग्राम है। आईपीआर में विकासाधीन प्लाज़्मा स्रोत का एक विशिष्ट चित्र A.2.1 में दिखाया गया है। नया प्लाज़्मा स्रोत नई डिस्चार्ज पावर सप्लाई(डीपीएस) और सोलेनॉइड पावर सप्लाई (एसपीएस) के साथ जोड़ दिया जाएगा और इसके साथ इंस्टालेशन प्रक्रिया सम्पूर्ण हो जाएगी। यह डीपीएस और एसपीएस 50ms के लिए प्लाज़्मा का उत्पादन करने में सक्षम हैं जो की मौजूदा प्लाज़्मा डिस्चार्ज पल्स अवधि (~ 10ms) से लगभग पांच गुना अधिक है।

स्वचालित स्थिति निगरानी प्रणाली और वेब आधारित इलेक्ट्रॉनिक प्रयोग लॉगिंग सुविधा: एलवीपीडी अपग्रेड के लिए सीसलोग (आरएफसी-3164) पर आधारित ओपन सोर्स फ्रेमवर्क और ग्रेलॉग पर आधारित वेब आधारित डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करके एक स्वचालित स्थिति लॉगिंग और निगरानी प्रणाली लागू की गई है। लैबव्यू में इन-हाउस विकसित एप्लिकेशन का उपयोग करके फ्रेमवर्क को एलवीपीडी के लैबव्यू आधारित स्काडा सिस्टम के साथ इंटरफेस किया गया है। इस प्रणाली को वर्तमान में रेडियल प्रोब स्थानांतरण प्रणाली के संचालन के लिए सफलतापूर्वक लागू किया गया है और इसे मशीन में सभी प्रणालियों जैसे 1) प्लाज़्मा पल्स (शॉट्स), 2) पैरामीट्रिक विन्यास, 3) नियमित और रखरखाव गतिविधियों की नोटिंग, 4) वैज्ञानिक डेटा और दस्तावेज, और 5) कच्चे डेटा और संशोधित डेटा विज़ुअलाइज़ेशन की जानकारी- के संचालन के लिए आगे विकसित किया जाएगा। स्वचालित अभिलेखीय और बैकअप स्क्रिप्ट भी विकसित की गई है।

डबल प्लाज़्मा डिवाइस (डीपीडी)

डबल प्लाज़्मा डिवाइस के अनुकूल संचालन समाकृति के साथ इलेक्ट्रॉन तापमान ढाल का रेडियल नियंत्रण:



चित्र A.2.1 नए बृहद क्षेत्र (~ 1.8 मीटर व्यास) बहु-फ़िलामेंटरी प्लाज़्मा स्रोत का पूर्व-इन्स्टोलेशन चरण में सामने और पीछे का दृश्य क्रमशः चित्र(a) और (b) में दिखाया गया है। पानी से ठंडा किये गये कॉपर कैसेट के प्री-असींबली को एलवीपीडी के दाहिने ओर की डिश एंड के साथ संवर्धित दिखाया गया है।

आंशिक रूप से आयनित, अचुम्बकीय प्लाज़्मा डिस्चार्ज में प्लाज़्मा मापदंडों के लिए उपयुक्त नियंत्रण की पहचान करने हेतु विभिन्न ऑपरेशनल कॉन्फ़िगरेशन के लिए एक डबल प्लाज़्मा डिवाइस (डीपीडी) में परीक्षण किया गया है। डीपीडी के दो कक्षों के बीच एक पृथक्करण ग्रिड स्थापित किया गया है, जो प्लाज़्मा को पहले से दूसरे कक्ष में फ़िल्टर करने की अनुमति देता है। ग्रिड की भूमिका का पता लगाकर प्लाज़्मा मापदंडों, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉन तापमान को नियंत्रित करने के लिए जांच की जाती है। प्लाज़्मा के शीतलन और ताप को बताने के लिए ग्रिड पूर्वाग्रह –25 V – 0V और 0 – 30V के बीच बदला जाता है। स्रोत और टारगेट प्लाज़्मा घनत्व (n_source / n_target) के अधिकतम अनुपात के लिए इलेक्ट्रॉन हीटिंग और कूलिंग प्रमुख भूमिका निभाते हैं। दूसरे कक्ष में इलेक्ट्रॉन तापमान को नियंत्रित करने में ग्रिड बायसिंग की भूमिका का वर्णन करने के लिए इलेक्ट्रॉन ऊर्जा वितरण फ़ंक्शन (ईईडीएफ़) प्राप्त किया जाता है। हमने मल्टी-ग्रिड असेंबली सिस्टम (MGAS) का उपयोग करके प्लाज़्मा के विभिन्न रेडियल क्रोस-सेक्शन को अलग-अलग चार्ज करके इलेक्ट्रॉन तापमान के रेडियल प्रोफाइल पर नियंत्रण का प्रदर्शन किया है। हमने डीपीडी के लिए उपयुक्त परिचालन व्यवस्था की भी पहचान की है जहां इलेक्ट्रॉन तापमान पर रेडियल नियंत्रण संभव है। इस तरह के प्लाज़्मा,

प्लाज़्मा प्रोसेसिंग, कोल्ड-प्लाज़्मा मटीरियल इंटरेक्शन आदि के अनुप्रयोगों के लिए इलेक्ट्रॉन तापमान नियंत्रण पर जांच की सुविधा प्रदान कर सकते हैं, जहां कम ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन की जरूरत होती है।

नॉन न्युट्रल प्लाज़्मा डिवाइस

'सी' आकार के टोरस (स्मार्टेक्स-सी)में छोटा आस्पेक्ट अनुपात टॉरॉयडल इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा प्रयोग: मार्टेक्स-सी के लिए एक नये कॉपर बस-बार आधारित टोरॉयडल क्षेत्र चुंबक को 20V पर 3kA की DC पावर सप्लाई की मदद से माइनर एक्सिस पर 1 किलो गॉस का चुंबकीय क्षेत्र बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह एयर-कूल्ड है और इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह अधिकतम चुंबकीय क्षेत्र पर 15-20 सेकंड के लिए संचालित किया जा सकता है। चुंबक प्रणाली में तांबे के बस-बार से बने 24 मोड़ होते हैं जो समान रूप से 150 टोरॉयडल कोणीय पृथक्करण के साथ रखे जाते हैं। हमारा डिजाइन, आंतरिक बोर में सीमित स्थान का सर्वोत्तम उपयोग करता है और इसलिए छोटे बोर में अपेक्षित आयामों के अधिकतम घुमावों को समायोजित करने की चुनौती को पूरा करता है। यह छोटे या बड़े वैक्यूम ब्रेक के दौरान रेडियल या शीर्ष वैक्यूम पोर्ट की आसान पहुंच के लिए टीएफ कॉइल को रेडियल या ऊपर से अलग करने की गुंजाइश की अनुमति देता है। 3 kA करंट ले जाने वाले टोरॉयडली घुमाव बाले कंडक्टरों पर बल अधिक होगा और यह कॉइल विशेष रूप से जोड़ों के लिए हानिकारक ज्यादा तनाव उत्पन्न कर सकता है। बलों और परिणामी तनावों का अनुमान लगाने के लिए, कल्पित डिज़ाइन का मॉडल

चित्र सं A.2.2 स्मार्टेक्ष सी के लिए निर्मित एक नया कॉपर बस-बार आधारित टॉरॉयडल फील्ड मैग्नेट

तैयार किया गया है और एक फाइनाइट एलिमेन्ट सॉफ्टवेयर कोम्सोल मल्टीफिजिक्स का उपयोग करके चुंबकीय क्षेत्र और चुंबकीय बलों की गणना की गई है। विश्वसनीय संचालन सुनिश्चित करने के लिए, चुंबक डिज़ाइन का एक विस्तृत इंजीनियरिंग विश्लेषण (विद्युत, चुंबकीय), संरचनात्मक और थर्मल, दोनों स्थिर और क्षणिक) किया गया है। 200 गॉस के सामान्य चुंबकीय क्षेत्र और 1 किलो गॉस के उच्च चुंबकीय क्षेत्र पर विश्लेषण किए गए हैं। इन विश्लेषणों से पता चलता है कि वर्तमान टीएफ कॉइल डिजाइन को सामान्य ऑपरेटिंग पैरामीटर (आई ~ 563 A के साथ) और ~ 15-20 सेकंड के लिए ~ 1 किलो गॉस के उच्च चुंबकीय क्षेत्रों में स्थिर-अवस्था (600 सेकंड से अधिक के लिए) में संचालित किया जा सकता है (I ~ 3kA के साथ)| जूल हीटिंग के कारण टीएफ कॉइल का अधिकतम तापमान 70°C से अधिक नहीं होना चाहिए। टोरॉयडल चुम्बकीय क्षेत्र में उतार चढाव माइनर एक्सिस पर 0.1% से कम और वैक्यूम पात्र के किनारे पर भी <1% रहा है, इसलिए यह किसी भी चुंबकीय क्षेत्र उतार चढाव (रिपल) प्रेरित परिवहन के परिणामस्वरूप इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा के परिरोध को खराब करने के लिए तैयार नहीं होता है।

मल्टी-कस्प प्लाज़्मा डिवाइस

प्लाज़्मा संरोधन पर मल्टी-कस्प चुंबकीय क्षेत्र की भूमिका: मल्टी-कस्प प्लाज़्मा युक्ति (एमपीडी) के दो चुंबकीय विन्यासों का पता लगाया गया है ताकि उच्च निश्चल्ता (क्वैसेन्स) स्तर, एक समान बृहद प्लाज़्मा क्षेत्र प्राप्त किया जा सके, जिसमें लगभग समानांतर औसत घनत्व और तापमान



चित्र A.2.3 (a) और (c) सिक्स पोल सिक्स मैग्नेट्स (एसपीएसएम) और ट्वेल्व पोल सिक्स मैग्नेट्स (टीपीएसएम) की सिम्युलेटेड फील्ड लाइन दिखाता हैं, जबकि (b) और (d) सीमित प्लाज़्मा की तस्वीरें दिखाता हैं।



चित्र A.2.4 मल्टी-कस्प डिवाइस के SPSM और TPSM दोनों का कॉन्फ़िगरेशन के लिए घनत्व प्रोफाइल

प्रोफाइल हो। विशेष रूप से, सिक्स पोल सिक्स मैग्नेट (SPSM) और ट्वेल्व पोल सिक्स मैग्नेट (TPSM) पुच्छल विन्यास में प्लाज़्मा के गुणों की सख्ती से तुलना की जाती है और पुराने प्रकाशित परिणामों से सत्यपित किया जाता है। यह पाया गया है कि टीपीएसएम में लगभग एक समान प्लाज़्मा के साथ-साथ बढा हुआ निश्चलता स्तर भी पाया गया है (चित्र A.2.4)। चित्र A.2.3 (a) और (c) एक ही प्रायोगिक सेटअप में सिक्स पोल सिक्स मैग्नेट्स (एसपीएसएम) और ट्वेल्व पोल सिक्स मैग्नेट्स (टीपीएसएम) की सिम्युलेटेड क्षेत्र रेखाएं हैं, जबकि (b) और (d) कन्फाइंड प्लाज़्मा के चित्र दिखाते हैं। एसपीएसएम और टीपीएसएम में डिवाइस के एक छोर से दिखने वाले व्यूपोर्ट के माध्यम से देखा गया, फिलामेंट्स के बगल और पीछे क्षेत्रों से कमजोर प्रकाश को रिकॉर्ड करने के लिए फिलामेंट्स की चमक के केंद्र क्षेत्र को छायांकित किया गया है। दोनों विन्यासों के लिए विभिन्न चुंबकीय क्षेत्र शक्तियों में निष्कर्षों का प्रयोगात्मक रूप से सत्यापन किया जाता है।

मल्टी-कस्प प्लाज़्मा डिवाइस में आयन - ध्वनिक सॉलिटॉन का उद्देपन: मल्टी-कस्प प्लाज़्मा डिवाइस (एमपीडी) में आयन ध्वनिक सॉलिटॉन को उत्तेजित किया गया है। एमपीडी एक विशिष्ट उपकरण है जिसमें विभिन्न बहु-ध्रुव चुंबकीय क्षेत्र विन्यास प्राप्त किए जा सकते हैं। उद्दीपन ग्रीड, जो कि मोलिब्डेनम की एक ठोस प्लेट होती है, उसका व्यास 50 मिमी और मोटाई 0.5 मिमी है, प्लाज़्मा के अंदर R = 0 और Z = 75 सेमी पर डिवाइस के केंद्र में रखी गयी है। सॉलिटॉन को बनाने के लिए ग्रिड पर 90 kHz आवृत्ति पर ~ 50vpp का एक साइनसॉइडल वोल्टेज लगाया गया है। क्षोभ संकेत में यह वृद्धि, देखी गई तरंगें आयन ध्वनिक सॉलिटॉन के रूप में गैर-रैखिक विशेषताओं को दिखाती हैं।

डस्टी प्लाज़्मा प्रायोगिक उपकरण

कॉम्प्लेक्स प्लाज़्मा मोनोलेयर क्रिस्टल में प्रथम-क्रम चरण ट्रांजिशन का प्रायोगिक अवलोकन: एक डायरेक्ट करंट (डीसी) ग्लो डिस्चार्ज आर्गन प्लाज़्मा में मोनो-लेयर्ड चार्ज डस्ट पार्टिकल क्रिस्टल के निर्माण और पिघलने का अध्ययन किया गया। पिघलने की या गठन प्रक्रिया की प्रकृति कूलम्ब युग्मन पैरामीटर, धूल तापमान, संरचनात्मक ओर्डर पैरामीटर और एक हिस्टैरिसीस व्यवहार के अस्तित्व से भिन्नता से प्रथम-क्रम चरण ट्रांजिशन के रूप में स्थापित होती है। प्रयोगात्मक परिणाम कोस्टरलिट्ज़-थौलेस-हैल्परिन-नेल्सन-यंग मेकेनिजम या ग्रेन सीमा प्रेरित पिघलने के आधार पर दो आयामी क्रिस्टल के लिए मौजूदा सैद्धांतिक पूर्वानुमान से अलग हैं और एक ऐसे तंत्र को इंगित करते हैं जो जटिल प्लाज़्मा में उतार-चढ़ाव प्रेरित प्रथम-क्रम चरण ट्रांजिशन के समान है।

असमांगी डस्टी प्लाज़्मा में डस्ट एकॉस्टिक शॉक वेव्स का उत्तेजन: डस्टी प्लाज़्मा प्रायोगिक डिवाइस में एक असमांगी डस्टी प्लाज़्मा में प्रघात तरंग के प्रसार विशेषताओं की एक प्रायोगिक जाँच की गयी। पॉली-डिस्पर्सिव काओलिन कणों से बना एक समांगी धूल भरा प्लाज़्मा, शुरू में पंपिंग गति और गैस फीडिंग दर के गतिशील संतुलन को बनाए रखते हुए, एक दिष्ट धारा ग्लो डिस्चार्ज आर्गन प्लाज़्मा में बनता है। बाद में, मूल गतिशील संतुलन में असंतुलन पैदा करके धूल द्रव में एक संतुलन घनत्व असमांगता बनाई जाती है। गैर-रैखिक तरंग संरचनाएं तब इस असमांगी डस्टी प्लाज़्मा में धूल द्रव में अचानक संपीड़न द्वारा उत्तेजित होती हैं। इन संरचनाओं को शोक तरंग के रूप में पहचाना जाता है और उनके आयाम और चौड़ाई रूपरेखा को स्थानिक रूप से मापा जाता है। चित्र A 2.5 घनत्व की शिखर और अन्य आयाम शियर का आधिक्य प्रालेख) इस शोक संरचना के आयाम में वृद्धि देखी जाती है, जबकि चौड़ाई का विसतार हो जाता है क्योंकि यह घटती धूल घनत्व प्रोफ़ाइल को फैलाती है। एक संशोधित-कोर्टवेग-डी व्रीज़-बर्गर समीकरण का व्युत्पन्न और इसका उपयोग परिणामों की सैद्धांतिक व्याख्या प्रदान करने के लिए किया जाता है, जिसमें पृष्ठभूमि घनत्व के एक फलन के रूप में आयाम और चौड़ाई में परिवर्तन के पावर लो स्केलिंग शामिल हैं।



चित्र A.2.5 (a) एक असमांगी धूल बादल में घनत्व शिखर की छवि। (b) (a) से निकाले गए उच्च आयाम घनत्व शिखर की तीव्रता प्रोफाइल। एरो शॉक फ्रन्ट के प्रसार की दिशा का प्रतिनिधित्व करता है।

एक बहने वाले धूल भरे प्लाज़्मा में पिन किए गए सॉलिटॉन का प्रायोगिक अवलोकन: पिन किए गए सॉलिटॉन एक तरल पदार्थ में सुपरसोनिक रूप से चलती वस्तु द्वारा बनाए गए गैर-रेखीय विलयन का एक विशेष वर्ग है। वे गतिमान वस्तु के समान वेग से चलती हैं और इस प्रकार वस्तु पर टिकी रहती हैं। यह प्रसिद्ध हाइड्रो-डायनामिकल घटना संख्यात्मक अनुकरण अध्ययनों में मौजूद है, लेकिन आज तक इसे प्लाज़्मा में प्रयोगात्मक रूप से नहीं देखा गया है। धूल भरे (जटिल) प्लाज़्मा में, आवेशित अवरोध में प्रवाहित किए गए सॉलिटॉन की एक प्रयोगात्मक उत्तेजना पहली बार देखी गयी और रीपोर्ट की गई। प्रयोग एक π आकार के धूल भरे प्लाज़्मा प्रायोगिक (डीपीईएक्स) उपकरण में किए जाते हैं जिसमें माइक्रोन आकार के काओलिन धूल कणों का उपयोग करके डीसी ग्लो डिस्चार्ज आर्गन प्लाज़्मा की पृष्ठभूमि में एक धूलदार प्लाज़्मा बनाया जाता है। एक पक्षपाती तांबे का तार एक संभावित संरचना बनाता है जो एक स्थिर आवेशित वस्तु के रूप में कार्य करता है, जिस पर धूल द्रव को अत्यधिक सुपरसोनिक गति से बहती है। उपयुक्त परिस्थितियों में, प्रयोगशाला के फ्रेम में गैर-रैखिक स्थिर संरचनाएं देखी जाती हैं, जो प्रवाहित तरल पदार्थ के फ्रेम में अवरोध गति से प्रवाहित पिन की गई संरचनाओं के अनुरूप होती हैं। संभावित संरचना की ऊंचाई को बदलकर धूल द्रव के प्रवाह वेग को ध्यान से देखते हुए, इन सॉलिटोन्स की प्रसार विशेषताओं का एक व्यवस्थित अध्ययन किया गया । यह पाया गया है कि पिन किए गए सॉलिटॉन की प्रकृति एकल-कूबड़ वाले से बहु-कूबड वाले में बदल जाती है और धूल द्रव के प्रवाह वेग में वृद्धि के साथ उनके आयाम बढ़ते हैं। तब प्रयोगात्मक निष्कर्ष कॉर्टवेग डी व्रीस (fKdV) फोर्सड मॉडल के संख्यात्मक समाधानों की तुलना में गुणात्मक पाया गया।

ऋणात्मक आयन स्रोतों के लिए प्रयोग

एक हेलिकॉन स्रोत में विद्युत **ऋणात्मक गैसों द्वारा ऋणात्मक आयन उत्पादन पर अध्ययन:** विद्युत ऋणात्मक गैसों में एक हेलिकॉन प्लाज़्मा स्रोत (हेलीपीएस) का प्रयोगात्मक ढांचा विद्युत ऋणात्मक गैसों में प्रयोग करने के लिए विकसित किया गया। हेलीपीएस का योजनाबद्ध रूप चित्र A.2.6 में दर्शाया गया है। हेलीपीएस का निरुपण आर्गन और ऑक्सीजन डिस्चार्ज में वर्किंग प्रेशर चुंबकीय क्षेत्र की ताकत के साथ-साथ रेडियो फ्रीक्वेंसी पावर को 13.56 मेगाहर्ट्ज पर अलग-अलग करके किया जाता है, जिससे, इसके संचालन के लिए इष्टतम मापदंडों की पहचान होती है। निरुपण के बाद, ऐसे प्लाज़्मा में नकारात्मक आयनों के उत्पादन में इलेक्ट्रॉन मेल के प्रभाव को समझने के लिए ऑक्सीजन और हाइड्रोजन जैसी विद्युतीय गैसों में प्रयोग किए गए हैं। नकारात्मक आयन उत्पादन को बढ़ाने के लिए, इस तरह की प्रणाली में नवीन रूप से उपयोग किए जाने वाले चुबंकीय फिल्टर और चुंबकीय पिंजरे दोनों, इलेक्ट्रोनेगेटिव प्लाज़्मा उत्पादन में उनके प्रभाव के दिलचस्प परिणाम दिखाते हैं।



चित्र A.2.6 हेलिकॉन प्लाज़्मा स्रोत (हेलीपीएस) प्रयोगात्मक सेट-अप का स्केच।

हेलिकॉन डिस्चार्ज में मोड ट्रांजिशन और ऋणात्मक आयन उत्पादन पर आर्गन और ऑक्सीजन गैस सांद्रण का प्रभाव: हेलिकॉन डिस्चार्ज में मोड ट्रांजिशन और नकारात्मक आयन उत्पादन पर आर्गन और ऑक्सीजन गैस के मिश्रण के प्रभाव की जांच की गयी। प्रायोगिक ढांचे के स्रोत कक्ष में, 0.003 T के अनुप्रयुक्त चुंबकीय क्षेत्र में 100 वाट से 2000 वाट तक आरएफ पावर लागू करके आर्गन-ऑक्सीजन गैस मिश्रित प्लाज़्मा का उत्पादन किया जाता है। इस प्रयोग में, कुल प्रवाह दर 200 एससीसीएम पर, $4–5 \times 10^{-1}$ Pa के वर्किंग प्रेशर के अनुरूप रखी गयी। इन दो गैसों की सांद्रता को अलग-अलग करके हेलिकॉन डिस्चार्ज में मोड ट्रांजिशन की जांच की जाती है। यह देखा गया है कि उच्च आरएफ पावर मूल्यों की ओर डिस्चार्ज शिफ्ट मोड संक्रमण में ऑक्सीजन गैस की सांद्रता में वृद्धि ट्रांज़िशन और साथ ही हेलिकॉन मोड में ट्रांज़िशन, कार्यशील गैस की प्रकृति के प्रभााव को दर्शाता है। इलेक्ट्रॉन घनत्व और तापमान की भिन्नता को कण और पावर संतुलन समीकरण के रूप में समझाया गया है। स्रोत और अनुप्रवाह विस्तार कक्ष में, ऑक्सीजन डिस्चार्ज में नकारात्मक आयन उत्पादन पर आर्गन गैस के संकेंद्रण प्रभाव का भी अध्ययन किया गया है और परिणामों को नकारात्मक आयनों के उत्पादन और नुकसान में शामिल विभिन्न प्रतिक्रियाओं के सन्दर्भ में समझाया गया है।

रैखिक प्रतिगमन तकनीकों का उपयोग करते हुए हेलिकॉन प्लाज़्मा स्रोत में प्लाज़्मा क्षमता की अक्षीय भिन्नता का पूर्वानुमान: प्लाज़्मा मापदंडों के निर्धारण और विश्लेषण के लिए विश्लेषणात्मक अभिव्यक्तियों का अक्सर उपयोग किया जाता है। विश्लेषणात्मक अभिव्यक्तियों पर निर्भर होने के बजाय, प्रस्तावित विधि चयनित मापदंडों (प्लाज़्मा क्षमता) के लिए पूरक प्रयोगात्मक डेटा के साथ प्रतिगमन तकनीकों का उपयोग करती

है। मशीन लर्निंग क्षेत्र में, यह प्रशिक्षण डेटा सेट का निर्माण, मॉडल का निर्माण तथा प्रशिक्षण और वांछित भौतिक मापदंडों की एक श्रृंखला पर परिणाम को प्रमाणित करने के बराबर है। एक प्रायोगिक डेटासेट दो अक्षीय रूप से गतिशील ट्रिपल लैंग्म्युर प्रोब (टीएलपी) का उपयोग करके बनाया गया है, जो एक प्लाज़्मा के इलेक्ट्रॉन तापमान, इलेक्ट्रॉन घनत्व और विद्युत क्षमता को मापता है। प्रस्तुत कार्य एक एकल चालक के साथ नकारात्मक आयन स्रोत (हेलेन-आई) के लिए हेलिकॉन प्रयोग को चिह्नित करने में सक्षम, विस्तृत गतिज सिमुलेशन के साथ एक समावेशी मॉडल विकसित करने की दिशा में पहला कदम है। प्लाज़्मा क्षमता को विभिन्न अक्षीय स्थानों (z) पर 6 mTorr पर दबाव स्थिर रखकर मापा जाता है।

ऋणात्मक आयन स्रोतों के लिए सीएस वाष्प वितरण प्रणाली के नोज़ल संरचना पर मोंटे कार्लो सिमुलेशन, विश्लेषणात्मक और प्रायोगिक अध्ययन: एक सीएस ओवन का सीज़ियम (Cs) वाष्प वितरण ट्यूब की नोजल संरचना की जांच, कम सीएस खपत दर (~ 2 मिलीग्राम/घंटा या उससे कम) के साथ समान सीएस वितरण सुनिश्चित करने के लिए, प्रयोगिक, विश्लेषणात्मक और मोंटे कार्लो (एमसी) आधारित अध्ययन किया गया है, जो की फ्यूजन ग्रेड नकारात्मक आयन स्रोत के अनुप्रयोग के लिए उपयुक्त है। हमारी जांच से पता चलता है कि Cs कोणीय वितरण और खपत दर मुख्य रूप से एक स्थिर ओवन संग्रह तापमान पर नोजल एपरचर आकार द्वारा नियंत्रित होती है। एमसी सिमुलेशन परिणामों की तुलना विश्लेषणात्मक गणनाओं के साथ की गयी है और प्रयोगात्मक परिणामों के साथ गणना द्वारा डिजाइन किए गए सबसे उपयुक्त नोजल ज्यामिति में से एक का उपयोग करके चिन्हित किया गया है। इसके अलावा, नोजल हेड से Cs स्थानिक वितरण को प्लाज़्मा ग्रिड जैसी सतह तापमान की स्थिति पर इष्टतम Cs कवरेज अवधि के साथ सहसंबद्ध किया गया है, जिसे इन्फ्रारेड (IR) इमेजिंग तकनीक का उपयोग करके मॉनिटर किया गया है। इन्फ्रारेड थर्मोग्राफी का उपयोग समय-आधारित सीएस कवरेज विकास को डायग्नोस करने के लिए भी किया जाता है, जो कि वैक्यूम के तहत स्वस्थानी और रीयल-टाइम दोनों में सतह पर होता है। आयन स्रोत अनुप्रयोग में, प्रतिक्रिया लूप में IR कैमरा



चित्र A.2.7 (a) फिलामेंट करंट पर सीएस कवरेज के बिना ~ 3 A हेयर पिन टंगस्टन फिलामेंट की IR छवि और सतह का तापमान ~ 160 डिग्री सेल्सियस, (b) सीएस कवरेज के साथ फिलामेंट करंट ~ 3 A और सतह का तापमान ~ 100 °C,

निगरानी डेटा के आधार पर Cs ओवन तापमान को नियंत्रित करके सतह पर Cs स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है।

जड़त्वीय इलेक्ट्रोस्टैटिक परिसिमन फ्यूज़न (आईईसीएफ) डिवाइस एक जड़त्वीय इलेक्ट्रोस्टैटिक परिरोध उपकरण में आयनों की गतिज विशेषताएँ: जब किसी भी उपकरण में कण व्यवहार को समझने की बात आती है, गतिज विश्लेषण काफी महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि वे एक अबाध क्रम प्रकृति से विचलित होने लगते हैं। वर्तमान अध्ययन में, एक बेलनाकार जड़त्वीय इलेक्ट्रोस्टैटिक कनफाईनमेंट फ्यूजन (IECF) डिवाइस के अंदर आयनों के व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए पार्टीकल-इन-सेल पद्धति का उपयोग करके गतिज सिमुलेशन किया जाता है, जिसे टेबलटॉप न्यूट्रॉन स्रोत के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां, डिवाइस के केंद्र में रखे गए कक्ष की दीवार (एनोड) और कैथोड (बेलनाकार ग्रिड वाले तार) के बीच इलेक्ट्रोस्टैटिक क्षेत्र लागू करने से ड्यूटेरियम जैसे लाइटर आयनों की गती बढाई जाती है। सीमुलेशन परिणामों से प्राप्त प्लाज़्मा संभावित प्रोफाइल कैथोड ग्रिड के अंदर कई संभावित अच्छी संरचनाओं के गठन का संकेत देती हैं जो लागू कैथोड क्षमता (−1 to−5 kV तक) पर निर्भर करता है। डिवाइस के मूल क्षेत्र में आयन घनत्व 10^{16} m^{-3}, के क्रम में पाया गया, जो प्रयोगात्मक अवलोकनों के समान है। विभिन्न कैथोड वोल्टेज पर आयनों की विशेषताओं का निरीक्षण करने के लिए आयन ऊर्जा वितरण कार्य की स्थानिक भिन्नता को मापा गया है। अंत में, सीमुलेटेड परिणामों की तुलना की जाती है और प्रयोगात्मक प्रोफाइल के साथ अच्छे मेल खाते पाए गये (चित्र A.2.8)। वर्तमान विश्लेषण आईईसीएफ उपकरणों में निर्वहन प्रक्रिया के तकनीकी मानकों को अनुकूलित करने के लिए एक संदर्भ मार्गदर्शिका के रूप में कार्य कर सकता है।

लेज़र ब्लो-ऑफ प्रयोग

प्लाज़्मा प्लूम के पार्श्व अंतःक्रिया पर चुंबकीय क्षेत्र का प्रभाव: एक अनुप्रस्थ चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में दो ज्यामितीय रूप से संशोधित प्लाज़्मा प्लूम्स के बीच पार्श्व संपर्क की जांच की गई। क्षेत्र की उपस्थिति में बीज प्लूम और अंतःक्रिया क्षेत्र दोनों के विशेषता व्यवहार की तुलना क्षेत्र



चित्र A.2.8 सिमुलेटेड संभावित प्रोफाइल (नीली रेखाएं) को (a)−1kV,(b)−2kV के दौरान प्रयोगात्मक तुलना (डैश/ खंडित लाल रेखाएं)

मुक्त स्थिति के लिए की जाती है। क्षेत्र मुक्त स्थिति के विपरीत, कोई तीव्र अंतःक्रिया क्षेत्र नहीं देखा गया; बल्कि चुंबकीय क्षेत्र के मामले में बीज और अंतःक्रियात्मक क्षेत्रों दोनों में उत्सर्जन तीव्रता में बड़ी वृद्धि देखी गई। देखे गए परिणामों को अंतःक्रियात्मक प्लूम के अंतःक्रिया क्षेत्र से वर्णक्रमीय रेखाओं के परमाणु विश्लेषण के आधार पर समझाया जा सकता है। उच्च इलेक्ट्रोन तापमान और आयनिक लाइन उत्सर्जन में एक के साथ साथ दोगुने आयनित एल्यूमीनियम में वृद्धि के भौतिक प्रक्रियाओ शोर्टलिस्ट किया गया है।

रियर अपक्षरण ज्यामिति के तहत निकल थिन फिल्म पर नैनोसेकंड लेज़र जेनरेटेड प्लाज़्मा में आयन वेगवृद्धि का अवलोकन: नैनोसेकंड लेज़र अपक्षरण के तहत रियर अपक्षरण ज्यामिति में, एक क्वार्ट्ज सब्सट्रेट पर लेपित 50-nm मोटी निकल फिल्म में उत्पादित आयनों के लिए वेगवृद्धि देखी गयी। अलग-अलग बेकग्राउंड दबाव और लेज़र ऊर्जा के साथ एक विस्तृत अध्ययन किया गया। प्लाज़्मा से आयनिक और अन्य तटस्थ ट्रांजिशन की फ्लाईट के स्पेक्ट्रोस्कोपिक समय (एसटीओएफ) माप सहित स्पेक्ट्रोस्कोपिक अध्ययन शुरु किया गया। आयनिक ट्रांजिशन के लिए दर्ज एसटीओएफ स्पेक्ट्रा स्पष्ट रूप से धीमें भाग के वेग में वृद्धि को दर्शाता है, क्योंकि बेकग्राउंड दबाव बढ़ता है। इसके अलावा, 712.22-nm तटस्थ रेखा में एक बड़ा असममित वर्णक्रमीय चौडाई देखी गयी, जो बेकग्राउंड दबाव के साथ बढ़ती है। जबकि आयनिक प्रजातियों के त्वरण पर डबल-लेयर गठन के माध्यम से कुछ रिपोर्ट किए गए अध्ययनों में इन अवलोकनों में समानता पायी गयी, मापे गये त्वरण से विद्युत क्षेत्रों की गणना असामान्य रूप से अधिक प्रतीत होते हैं और एक दोहरी-परत अवधारणा अपर्याप्त प्रतीत होती है। इसके अलावा, न्यूट्रल लाइन प्रोफाइल में देखी गई बड़ी विषमता लेजर उत्पादित प्लाज़्मा प्लूम के अंदर मौजूद माइक्रोइलेक्ट्रिक क्षेत्रों का संकेत हैं, जो आयनों के निरंतर त्वरण में भूमिका निभा सकता है। दिलचस्प बात यह है कि वर्णक्रमीय चौडाई में यह विषमता अस्थायी और स्थानिक निर्भरता को प्रदर्शित करती है, जो दर्शाती है कि प्लाज़्मा प्लूम में महत्वपूर्ण विद्युत क्षेत्र लक्ष्य से लंबी अवधि और बड़ी दूरी के लिए भी मौजूद है। त्वरण के इन स्पेक्ट्रोस्कोपिक अवलोकनों को ट्रिपल लैंगमुइर जांच माप द्वारा भी परिपूरक किया गया है।

एल्युमिनियम प्लाज़्मा की टाईम-ऑफ़-फ़्लाइट मास स्पेक्ट्रोमेट्री: मल्टीप्लाय चार्ज्ड आयनों और क्लस्टर्स की जांच: लेज़र-उत्पादित प्लाज़्मा प्लूम में आयनिक प्रजातियों का विश्लेषण आमतौर पर लक्ष्य सतह के पास रखे चार्ज कलेक्टर का उपयोग करके टाइम-ऑफ़-फ़्लाइट विधि द्वारा किया जाता है। इस पद्धति की कमियों में से एक बड़े द्रव्यमान वाले क्लस्टर आयनों और परमाणु आयनों के विभिन्न आवेश स्थितियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी की हानी है। लेज़र उत्पादित प्लाज़्मा (एलपीपी) प्लूम में आयनों और क्लस्टर वितरण के डायग्नोस्टीक के लिए एक संशोधित विली-मैकलारेन टाइप टाइम-ऑफ-फ्लाइट मास स्पेक्ट्रोमीटर (टीओएफएमएस) को डिजाईन, विकसित और अनुकूलित किया गया है। दूसरा हार्मोनिक (532 एनएम): स्पंदित एन डी से (YAG लेज़र) का उपयोग एक निर्वात कक्ष में एल्युमिनियम डिस्क को खाली 7×10^{-8} mbar के बेस दबाव में एब्लेट करने के लिये किया गया। एल्युमिनियम (Al) प्लाज़्मा के मास स्पेक्ट्रोमेट्रिक परिणामों का विस्तार से अध्ययन किया गया। प्लाज़्मा प्लूम में आयनों से मुक्त व्यापक कोणीय और ऊर्जा के कारण, स्पेक्ट्रोमीटर के डिटेक्शन और मास रेजोल्यूशन में गिरावट को कम करने के लिए, टीओएफ स्पेक्ट्रोमीटर का विभिन्न विन्यासों में अनुकूलन, एकल क्षेत्र और साथ ही एक दोहरे क्षेत्र में भी किया गया है। Al^{32+} जितना बड़ा क्लस्टर आयन और Al^{11+} तक मल्टीप्लाय चार्ज आयन (MCI) मास स्पेक्ट्रा में देखे जाते हैं। एमसीआई और क्लस्टर आयनों के उत्पादन के संभावित मार्गों को कूलम्ब विस्फोट तंत्र के आधार पर समझाया जा सकता है।

अन्य प्रयोग

परिवेशी वायु में वायुमंडलीय दबाव हीलियम प्लाज़्मा जेट की विस्तार गतिशीलता: परिवेशी वायु में हीलियम प्लाज़्मा जेट के विस्तार की गतिशीलता की जांच की गयी। एक तेज इमेजिंग तकनीक का उपयोग करके, प्लाज़्मा जेट का विस्तार ग्लास नोज़ल से हवा में कैप्चर किया जाता है, जो हवा में फैलने वाले प्लाज़्मा बुलेट के रूप में होता है। ग्लास नोज़ल से प्लाज़्मा जेट टिप तक प्लाज़्मा बुलेट यात्रा पथ को समझने के लिए ड्रैग फोर्स मॉडल का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा, प्लाज़्मा जेट की लंबाई के साथ प्लाज़्मा घनत्व की स्थानिक भिन्नता का अनुमान बहाव वेग, प्लाज़्मा जेट करंट और प्लाज़्मा जेट के काट क्षेत्र का उपयोग करके लगाया जाता है। यह देखा गया है कि प्लाज़्मा घनत्व में मामूली व्रुद्धि, बहाव वेग, प्लाज़्मा जेट करंट और जेट काट क्षेत्र में कमी के संयुक्त प्रभाव के कारण होती है। ग्लास नोज़ल से जेट टिप तक प्राप्त प्लाज़्मा घनत्व $(0.069\text{-}5.96)\times10^{12}\ cm^{-3}$ की सीमा में है। उपरोक्त पैरामीटर जैविक और औद्योगिक अनुप्रयोगों में उपयोगी हो सकते हैं।

सिलिकॉन नैनोरिपल्स पर स्व-संगठित गोल्ड नैनोपार्टिकल्स की इन-प्लेन ऑप्टिकल अनिसोट्रॉपी और एसईआर डिटेक्शन दक्षता: सोने के नैनोकणों (एयू-एनपीएस) पर सब्सट्रेट मॉर्फोलॉजी-मेडिएटेड प्लास्मोनिक अनिसोट्रॉपी और सतह-वर्धित रमन स्कैटरिंग-आधारित आणविक डीटेक्शन प्रभावकारिता का अध्ययन किया गया। ये नैनोपार्टिकल्स परोक्ष कोण पर विकसित थे और अल्ट्रालो एनर्जी आयन-बीम फैब्रिकेटेड नैनोस्केल रिपल्ड-सी (आर-सी) सबस्ट्रेट्स पर स्व-संगठित थे। प्लास्मोनिक क्षेत्र युग्मन पर प्रभाव का अध्ययन करने के लिए, वृद्धि के कोण में परिवर्तन करके Au-NPs का आकार लम्बे से गोलाकार में समायोजित किया गया, जो आपसी कण अंतराल में एक परिवर्तन लाता है। इसके बाद, एयू-एनपी सरणियों की वृद्धि के बाद ओस्टवाल्ड रीपनींग प्रक्रिया के माध्यम से Au-NPs के रूप और आकार को बदलने के लिए एनीलिंग किया गया।

ऑप्टिकल अनिसोट्रॉपी को सामान्यीकृत इलिप्सोमेट्री का उपयोग करके मापा जाता है, जबकि Au-NP सरणियों का डाईइलेक्ट्रिक फंक्शन की गणना जोन्स मैट्रिक्स एलिमेंट्स को फिट करके एक द्विअक्षीय परत मॉडल का उपयोग करके की गयी । एक मजबूत प्लास्मोनिक क्षेत्र युग्मन x - और y अक्षीय के अनुदिश परावैद्युत फलनों के काल्पनिक भाग से स्पष्ट होता है, जो आगे परिमित-अंतर समय-डोमेन (FDTD) सिमुलेशन द्वारा समर्थित है। Au-NPs के बीच विशाल निकट-क्षेत्र में वृद्धि सतह-संवर्धित रमन स्कैटरिंग (SERS) - क्रिस्टल वायलेट डाई की एक अल्ट्रालो सांद्रता (10 μM) का पता लगाने की ओर ले जाता है। इसके अलावा, FDTD सिमुलेशन से पता चलता है कि दो आसन्न सरणियों के बीच की तुलना में एयू-एनपी सरणियों के साथ कम इंटरपार्टिकल गैप के कारण एयू-एनपी के बीच हॉटस्पॉट का गठन होता है। इस प्रकार, Au-NP सरणियाँ इन-प्लेन अनिसोट्रोपिक ऑप्टिकल प्रतिक्रिया प्रदर्शित करती हैं। जटिल अणुओं की बेहतर SER-आधारित आणविक डीटेक्शन प्रभावकारिता इन हॉटस्पॉट्स के आसपास के क्षेत्र में उनके बढ़े हुए रमन स्कैटरिंग काट के लिए जिम्मेदार हैं। यह अध्ययन दर्शाता है कि नैनोस्केल रिपल्ड-सी सबस्ट्रेट्स पर स्व-संगठित एयू-एनपी सरणियाँ पर्यावरणीय परिस्थितियों में एयू की लंबी स्थिरता के कारण एक कुशल और लंबे समय तक चलने वाले SERS सेंसर के रूप में काम कर सकता है। यह अध्ययन एसईआर-आधारित संवेदन कम रमन स्कैटरिंग क्रॉस-सेक्शन वाले जटिल अणुओं और प्लास्मोनिक उपकरणों के निर्माण के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।

--!!--

A.3 टोकामॅक प्लाज़्मा प्रयोग

आदित्य अपग्रेड और एसएसटी-1, इन दो टोकामॅकों पर निरंतर प्रगति हेतु प्रयोग जारी हैं। आदित्य अपग्रेड पर किये गये प्रयोगों में मुख्य रूप से डिज़ाइन मूल्य के करीब प्लाज़्मा मापदंडों की प्राप्ति, पहली बार नई विद्युत चुंबकीय हाई-स्पीड पेलेट इंजेक्टरों का नियोजन, रनअवे इलेक्ट्रोन के उत्पादन और ह्रास से संबंधित प्रायोगिक अध्ययन, टोरॉइडल घूर्णन अध्ययन और मॉड्यूलेशन ड्रिफ्ट एमएचडी टियरिंग मोड शामिल हैं। एसएसटी-1 पर प्रौद्योगिकी में निरंतर प्रगति हुई है। पहली बार 650ms की अधिकतम ओमिक स्पंद विद्युत धारा अवधि से 15 दिनों का प्लाज़्मा प्रचालन का रिकार्ड बनाया गया, जो पिछले वर्ष प्राप्त अवधि की तुलना में 200 ms अधिक है। उपरोक्त का विवरण इस भाग के निम्नलिखित उप-भागों में दिया गया हैं।

A.3.1 आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक 15

A.3.2 स्थिर अवस्था अतिचालक टोकामॅक - 1....18

A.3.1 आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक

आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक में प्रयोग

चुंबकीय क्षेत्र के पूर्ण डिज़ाइन वैल्यू पर संचालित आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक: आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक मुख्य (टॉरॉयडल) चुंबकीय क्षेत्र के लिए, 1.5 टेस्ला के पूर्ण डिज़ाइन वैल्यू पर जो 360 मिलीसेकंड की लंबी प्लाज़्मा अवधि के साथ संचालित किया गया, जो डिज़ाइन वैल्यू से 20% अधिक है, जैसा कि चित्र A.3.1.1 में दिखाया गया है।

आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक में ड्यूटेरियम प्लाज़्मा ऑपरेशन: आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक ने भारत में पहली बार पूर्ण ड्यूटेरियम प्लाज़्मा ऑपरेशन का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। ड्यूटेरियम ईंधन गैस (प्रि-फिल के साथ-साथ गैस-पफ्स: संपूर्ण ड्यूटेरियम) के साथ ~140 kA प्लाज़्मा करंट वाले लंबे डिस्चार्ज (~ 300 ms) को ~1.3 टेस्ला के एक मुख्य (टॉरॉयडल) चुंबकीय क्षेत्र में प्राप्त किया गया और 3×10^{19} m-3 के इलेक्ट्रॉन घनत्व का



चित्र A.3.1.1. आदित्य-अपग्रेड शॉट का समय विकास (#34167), 1.5 T टॉरॉयडल फील्ड ऑपरेशन का प्रदर्शन।





चित्र A .3.1.2. (बाएं) पूरी तरह से ड्यूटेरियम असिस्टेड आदित्य-अपग्रेड प्लाज़्मा डिस्चार्ज (शॉट #34328) का समय विकास, प्लाज़्मा मापदंडों का प्रतिनिधित्व करता है (a) प्लाज़्मा करंट (kA) (b) लूप वोल्टेज (V) (c) Hα / Dα तीव्रता (a.u) और D2 गैस पल्सेस (d) सोफ्ट एक्स-रे तीव्रता (a.u) और कॉर्ड्सऔसत वास्तविक समय घनत्व (ne)। (दाएं) शॉट # 34328 के लिए स्पेक्ट्रोस्कोपिक डायग्नोस्टिक का उपयोग करके मापी गयी डी-अल्फा उत्सर्जन लाइन।

प्रदर्शन प्राप्त किया गया है। एच-अल्फा लाइन तीव्रता के साथ डी-अल्फा लाइन की तीव्रता का स्पेक्ट्रोस्कोपिक माप, (दीवार पुनर्चक्रण के कारण, चूंकि दीवार पिछले डिस्चार्ज से हाइड्रोजन से भरी हुई रहती है और हाइड्रोजन द्वारा डिस्चार्ज क्लीनिंग से भी) चित्र A.3.1.2. में दिखाया गया है।

